प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 07.09.2022

यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम

श्रीमान रवि दत्त गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में, श्री रविन्द्र बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम व श्रीमती अंशु जैन सहायक पुलिस आयुक्त प्रशासन के नेतृत्व में आज दिनांक 07.09.2022 को यातायात शिक्षा टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वेन के माध्यम से राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय जेधपुर तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) जालोरी गेट जोधपुर में यातायात नियमों की लघु फिल्म/क्लिप व पीपीटी दिखाकर यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात शिक्षा प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को बताते हुए सड़क दुर्घटनाएं कम करने के सुझाव बताये गये तथा विद्यार्थियों को ड्राईविंग लाईसेन्स बनाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। यातायात पुलिस द्वारा जारी फेसबुक ,ट्विटर, व्हाट्सएप एवं टेलीफोन नम्बर के माध्यम से यातायात संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु जानकारी दी।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद व त्वरित अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन (अच्चे मददगार) की माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देश को बताते हुए ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के तहत गुड सेमेरिटन को प्रशंसा-पत्र व 5000/- प्रोत्साहन राशि देने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पेम्पलेट्स वितरित किये गये। कार्यक्रम के अन्त में दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुश्री रेहाना बानो व श्रीमति नविता गुप्ता द्वारा यातायात पुलिस के प्रेरणादायी कार्यक्रम की प्रशंसा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओर से

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

यातायात पुलिस,
पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
NSS

NSS